तापमान
अधिकतम 34.9 डिग्री
न्यूनतम 25.1 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 26 जुलाई 2025

11 कुलपति ने छात्राओं संग झूला-झूलने का लुत्फ उठाया



12 पेयजल संकट से राहत, लाइन पार 6 कॉलोनियों को मिलेगा पर्याप्त और शुद्ध पानी



## खबर संक्षेप

### हथियारों से हमले के 4 आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** बरोदा पुलिस ने धारदार हथियारों व लाठी-डंडों से हमला के आरोपित गांव बुटाना के अक्षय, दीपक, पंकज व सोमबीर को गिरफ्तार किया। बुटाना के मयंक ने 24 जून को बताया था कि वह दोस्त मोहित, सुमित व अजय के साथ बस स्टैंड पर गाड़ी में बैठकर कोल्ड ड्रिंक पी रहे थे। उसी समय अक्षय, दीपक व दो अन्य युवकों ने गाली दी। रोकने पर अक्षय ने फोन कर अपने दोस्तों को बुलाकर उन पर लाठी, कुल्हाड़ी व जैली से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपित अक्षय, दीपक, पंकज व सोमबीर को गिरफ्तार किया।

### शराब ठेके के सामने व्यक्ति की संदिग्ध मौत

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में शराब ठेके के सामने से संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत होने का मामला सामने आया है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार गांव ठरू निवासी संजय (45) ई-रिक्शा चलाता था। वह शराब पीने का आदि था। शुक्रवार सुबह संदिग्ध हालत में रेस्ट हाउस के सामने बेहोश हालत में मिला। राहगीरों ने मामले को लेकर पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद सिविल लाइन थाना सोनीपत पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की प्राथमिक जांच में संजम मृत हालत में पाया गया। उसके शव को लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

58 परीक्षा केंद्र, 14 हजार परीक्षार्थी, 1400 वाहन, 700 पुलिस कर्मी तैनात

# सीईटी परीक्षा आज, प्रशासन की पूरी तैयारी, तीसरी आंख का रहेगा पहरा

निर्धारित समय के बाद किसी को प्रवेश नहीं

सामाजिक संस्थाएं सुबह से ही दिखाएंगी मार्ग, प्रशासन ने भी किए हैं इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। सोनीपत में 37 शिक्षण संस्थानों में 58 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां दो दिनों में हजारों की संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इन केंद्रों पर पेयजल, चिकित्सा, शौचालय, बैठने की सुविधा, सुरक्षा और दिव्यांगों के लिए विशेष इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं। परीक्षा दो शिफ्टों में होगी। पहली शिफ्ट के लिए परीक्षा केंद्र में प्रवेश का समय सुबह 7:30 से 9:15 बजे तक और दूसरी शिफ्ट के लिए 12:45 से 2:30 बजे तक तय किया गया है। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा। लघु सचिवालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां से सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिये सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं। वहीं कंट्रोल रूम का हेल्पलाइन नंबर 0130-22215910 जारी किया गया है।



### सभी विभाग मिलकर करें काम

उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि परीक्षा को पारदर्शी, शांतिपूर्ण और सुगम ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी विभाग मिलकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि वे समय पर केंद्रों पर पहुंचें, नियमों का पालन करें और परीक्षा को शांति से सम्पन्न कराएं।

### बसें व शटल रूट निर्धारित

पानीपत, भिवानी व दिल्ली से आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए कालूपुर चुंगी व मुरथल स्थित दो बड़े पिकअप प्वाइंटों से 143 शटल फीडर बसें विभिन्न परीक्षा केंद्रों तक उन्हें पहुंचाएंगी। सोनीपत के परीक्षार्थियों को गुरुग्राम व कुरुक्षेत्र पहुंचाने के लिए 154 रोडवेज बसें और 528 आरटीए मान्यता प्राप्त वाहन लगाए गए हैं। संचालन गोहाना, गन्नौर, खरखौदा बस अड्डों और 15 ग्रामीण स्थानों से होगा।

### सीईटी की परीक्षा के दौरान क्या करें परीक्षार्थी

- ▶▶ एक स्पष्ट रूप से मुद्रित रंगीन प्रवेश पत्र (दोनों तरफ एक ही ए-4 पृष्ठ पर) साथ लाएं, जिस पर ए चिह्न पर आपकी नवीनतम रंगीन फोटो चिपकाई गई हो तथा जो स्वयं सत्यापित हो।
- ▶▶ एक मूल फोटो पहचान पत्र (ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट, आदि) साथ लाएं। फोटोकॉपी/डिजिटल प्रतियां स्वीकार्य नहीं हैं।
- ▶▶ सुरक्षा जांच और तलाशी के कारण होने वाली देरी से बचने के लिए परीक्षा स्थल पर समय से पहले पहुंचें।
- ▶▶ परीक्षा के दिन से पहले अपने परीक्षा केंद्र का स्थान जांच लें और सत्यापित कर लें।
- ▶▶ यदि आपने धार्मिक/परंपरागत पोशाक या ऐसी वस्तुएं पहन रखी हैं जिनकी अतिरिक्त तलाशी की आवश्यकता हो सकती है तो निर्धारित समय से कुछ समय पहले रिपोर्ट करें।
- ▶▶ परीक्षा शुरू होने के पांच मिनट के भीतर सुनिश्चित करें कि टेस्ट बुकलेट के सभी पृष्ठ ठीक से मुद्रित हैं और टेस्ट बुकलेट कोड और ओएमआर शीट सीरियल नंबर मेल खाते हैं।
- ▶▶ एचएसएससी द्वारा अपनी वेबसाइट, विज्ञापन, एडमिट कार्ड, ओएमआर शीट और प्रश्न पुस्तिका पर दिए गए सभी निर्देशों का पालन करें।
- ▶▶ परीक्षा कक्ष से बाहर जाने से पहले ओएमआर शीट और प्रश्न पुस्तिका सौंप दें।

**परीक्षार्थी परीक्षा के दौरान क्या न करें**

- ▶▶ परीक्षा केंद्र में निषेध वस्तुएं ना लेकर जाएं जैसेः-
ए) मोबाइल फोन, ख) घड़ियां(सभी प्रकार), ग) बेल्ट, घ) पेन, पेंसिल, रबड़, शार्पनर, व्हाइटनर/स्याही द्रव, ई) आभूषण जैसे अंगूठी, चेन, हार, झुमके, नाक की पिन, चूड़ियां/कंगन, आकर्षण, कड़ा, आदि।
च) कोई भी इलेक्ट्रॉनिक या संचार उपकरण
- ▶▶ अपना स्वयं का पेन न लाएं, नीला/काला बॉलपॉइंट पेन एचएसएससी द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।
- ▶▶ ओएमआर शीट पर रबड़, ब्लेड, कील, व्हाइटनर या ऐसी किसी भी वस्तु का प्रयोग न करें, इससे आपकी उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी।
- ▶▶ ओएमआर शीट को ना मोड़ें, ना फाड़ें या उस पर कोई निशान न बनाएं।
- ▶▶ देर से न आएं-रिपोर्टिंग समय के बाद प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- ▶▶ परीक्षा समाप्त होने से पहले या पहले/अंतिम 30 मिनट के दौरान परीक्षा कक्ष न छोड़ें।
- ▶▶ अपने प्रवेश पत्र लिखे समय या केंद्र के अलावा किसी अन्य समय या केंद्र पर उपस्थित होने का अनुरोध न करें।
- ▶▶ अनुचित साधनों या कदाचार में लिप्त न हों, इससे उम्मीदवारी रद्द और कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

### सुरक्षाः पांच सेक्टर, सात एसीपी व 700 पुलिसकर्मी

शहर को पांच जोनों में विभाजित कर प्रत्येक क्षेत्र में ड्यूटी मजिस्ट्रेट और संबंधित एसीपी की तैनाती की गई है। कुल सात एसीपी, 13 निरीक्षक और लगभग 700 पुलिसकर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था में लगाया गया है। 12 स्थानों पर सुरक्षा नाके स्थापित किए गए हैं और बस अड्डों पर अतिरिक्त बल तैनात रहेगा।

### प्रातः 9.15 तथा दोपहर को 2.30 बजे के बाद प्रवेश नहीं

26 व 27 को दो शिफ्ट में परीक्षा होगी। सुबह की शिफ्ट में 10 बजे से 11.45 व दोपहर की 3.15 बजे से शाम 5 बजे का समय है। परीक्षा केंद्र पर प्रवेश के लिए सुबह की शिफ्ट में 7.30 बजे से 9.15 तथा दोपहर की शिफ्ट में 12.45 से 2.30 बजे का समय निर्धारित किया गया है। इसके बाद किसी को भी परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### प्रमुख केंद्रों पर प्रशासनिक निगरानी

चीनी मिल आहुलाना, मुरथल रोड, काठ मंडी, देवडू रोड, सेक्टर-11, सेक्टर-14, ओल्ड रोहतक रोड, पुरखास रोड, रेलवे रोड, मॉडल टाउन, पटेल नगर व ब्रह्मा कॉलोनी समेत सभी प्रमुख केंद्रों पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट व एसीपी की जोड़ी नियुक्त की गई है। इनमें अंकिता वर्मा (प्रबंध निदेशक, चीनी मिल), मनोज कुमार (अधीक्षक अभियंता, लोक निर्माण विभाग), सुरेंद्र कुमार (बीडीपीओ), राजीव गुप्ता (जन स्वास्थ्य विभाग) व अंकुर (बीडीपीओ) जैसे अधिकारी शामिल हैं।

### बालिका से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कैद

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र सोनीपत में बालिका से दुष्कर्म करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं न्यायाधीश नरेंद्र की अदालत ने दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 59 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि में से 45 हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश अदालत ने दिए है। सेक्टर-27 थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने 3 जुलाई, 2024 को पुलिस को बताया था कि उनकी 12 साल की बेटी गली में खेल रही थी। उसी दौरान पड़ोस का विकास उनकी बेटी को अपने घर ले गया था। वह उनकी बेटी के साथ छेड़खानी करने लगा। उसी दौरान गांव की एक लड़की आरोपित के घर पहुंच गई थी। जिस पर वह उनकी बेटी को छोड़कर भाग गया था। रात को जब वह घर पहुंचे तो उनकी पत्नी ने मामले से अवगत कराया था। उन्होंने बेटी से पूछा था तो पता लगा था विशाल उसके साथ छेड़खानी कर रहा था। साथ ही बेटी ने बताया था कि जून, 2024 में आरोपित कई बार उसके साथ गलत काम कर चुका है। आरोपित किसी को बताने पर उसे व उसके परिवार को मारने की धमकी देता था। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। एसआई कुलदीप सिंह की टीम ने आरोपित विशाल को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस मामले में सबूत जुटाकर अदालत में चार्जशीट दायर कर दी थी। मामले की सुनवाई के बाद एएसजे नरेंद्र ने आरोपित विशाल को दोषी करार दिया। अदालत ने दोषी को 6 पॉक्सो एक्ट में 20 साल कैद व 50 हजार रुपये जुर्माना, 12 पॉक्सो एक्ट में तीन साल कैद व पांच हजार रुपये जुर्माना, बीएनएस की धारा 137 में तीन साल कैद व दो हजार रुपये जुर्माना और बीएनएस की धारा 351 (3) में दो साल कैद व दो हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।




# अलग-अलग क्षेत्रों से पिता-पुत्र व 2 किशोर लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से एक पिता अपने 10 वर्षीय बेटे सहित और दो अन्य किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए हैं। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए पुलिस को शिकायत सौंपी है। संबंधित थानों में अज्ञात के खिलाफ अपहरण व बंधक बनाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

सिविल लाइन थानाः सिविल लाइन थाना क्षेत्र से एक व्यक्ति अपने 10 वर्षीय बेटे के साथ लापता हो गया। पिता-पुत्र किसी काम से घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। मोबाइल भी बंद है परिजनों ने पुलिस से शिकायत की।

कुंडली थानाः कुंडली थाना क्षेत्र से 15 वर्षीय किशोर संदिग्ध हालात में लापता हो गया है। परिजनों ने बताया कि किशोर सुबह स्कूल के लिए निकला था, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटा। तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों ने पुलिस को शिकायत दी।

मुरथल थाना क्षेत्रः मुरथल की आरके कॉलोनी से 13 वर्षीय किशोर गायब हो गया। परिजनों ने बताया कि वह खेलते-खेलते अचानक लापता हो गया। आस-पड़ोस में पूछताछ और तलाश के बावजूद उसका कुछ पता नहीं चल सका।

### साइबर ठगों ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 4.85 लाख की ठगी, केस दर्ज

**सोनीपत।** साइबर ठगों ने यूटयूबर बनकर शेयर मार्केट में ट्रेडिंग का झांसा देकर 4:85 लाख लाख ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर साइबर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर निवासी जितेन्द्र ने बताया कि 12 जुलाई की सुबह उनके मोबाइल पर एक व्हाट्सएप कॉल आई। जिसने खुद को हर्ष भगत नामक यूट्यूबर बताते हुए कहा कि उनकी कंपनी मुफ्त में शेयर ट्रेडिंग सिखाती है। शुरुआती निवेश पर मुनाफा भी दिखाया, जिसमें आधा हिस्सा आरोपित ने खुद रख लिया। फिर आरोपित ने उसे एक 'फायर' नाम के ऐप में पांच मिनट के लिए 5 लाख का निवेश करने को कहा। झांसे में आकर जितेन्द्र ने बताए गए खाते में कुल 4.85 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में पता चला कि आरोपित ने फर्जी वेबसाइट और कागजातों के आधार पर यह सारा फर्जीवाड़ा किया है। जितेन्द्र की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि इस प्रकार के लालच भरे ऑफर से सावधान रहें और किसी भी अनजान कॉल या व्हाट्सएप मैसेज पर निजी या वित्तीय जानकारी साझा न करें।



### चेयरपर्सन ने गली निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**गोहाना।** नगर परिषद (नप) द्वारा शहर के वार्ड 19 में गली संख्या तीन को इंटरलॉक टाइलों से पक्का करवाया जाएगा। शुक्रवार को नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने नारियल फोड़कर इस कार्य का शुभारंभ किया। नप द्वारा गली निर्माण पर लगभग छह लाख रुपये खर्च होंगे। इस कार्य के शुभारंभ की अध्यक्षता वार्ड के नगर पार्षद राजेश कुमार उर्फ सोनू ने की। चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने वार्डवासियों को यह कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि नप प्रशासन शहर में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने और हर वार्ड में बेहतर ढांचागत विकास करवाने के लिए प्रयासरत है। इस मौके पर नगर पार्षद राम सिंह सैनी, रामकरण, पूर्व पार्षद जय प्रकाश, सतनारायण सिंह, पुरुषोत्तम गुप्ता, अशोक गुप्ता, राजेंद्र फौजी व जेई यश आदि मौजूद रहे।

## दस साल के बच्चे से मारपीट कर कुकर्म करने के प्रयास का आरोप

■ घटना सीसीटीवी में कैद, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल।

सोनीपत। राई थाना क्षेत्र की एक सोसाइटी में दस वर्षीय बच्चे के साथ मारपीट और कुकर्म की कोशिश का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें एक व्यक्ति बच्चे को बेरहमी से पीटता हुआ दिखाई दे रहा है। पीड़ित बच्चे के पिता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि सीढ़ियों के पास आरोपित ने बच्चे के साथ कुकर्म की कोशिश की। उसी समय कुछ रेजिडेंट मौके पर पहुंचे तो आरोपित मौके से फरार हो गया। घटना सोसाइटी के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वीडियो में स्पष्ट तौर पर एक व्यक्ति बच्चे के साथ मारपीट करता नजर आ रहा है। पिता ने बताया कि उनका बेटा मदद के लिए चिल्लाता रहा, लेकिन आरोपी उसे जबरन सीढ़ियों की ओर खींच ले गया। प्राथमिक जांच में बच्चे द्वारा स्कूटी व कारों पर स्क्रेच मारने के बाद मारपीट की थी।

गन्नौर नगर पालिका पहुंचे निगमायुक्त

# शिकायतें सुनीं, अधिकारियों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने शुक्रवार कोनगरपालिका कार्यालय का दौरा किया। निगम आयुक्त का नगरपालिका पहुंचने पर अध्यक्ष अरुण त्यागी ने बुके भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उनके कामों की जानकारी ली। निगम आयुक्त ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे नगरपालिका की आय बढ़ाने के लिए जिम्मदारी से अपना काम करें। उन्होंने गृह कर, डेवलपमेंट चार्ज, प्रोपर्टी आईडी के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने



नपा सचिव प्रदीप खर्ब से सभी टेंडरों व शहर में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शहर में विकास के लिए नगरपालिका के पास पर्याप्त फंड है, ऐसे में शहर में विकास कार्य में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने शहर के बाजारों को अतिक्रमण हटाने के लिए कड़ा कदम उठाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगरपालिका में पहुंचने वाले लोगों की सुनवाई प्राथमिकता से करें और किसी भी कार्य में पेंडेंसी न रखें। निगम आयुक्त ने गढ़ी केसरी में सीएफसी केंद्र के पास बनाए जाने वाले आधुनिक शौचालयों के चयनित जगह का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर पालिका अभियंता जयदेव शर्मा, जेई अरविंद कुमार, सफाई निरीक्षक पोषण मलिक व नपा पार्षद मौजूद रहे।

### स्वच्छता रैंकिंग में और सुधार लाने के लिए करें काम

उन्होंने शहर की सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में गन्नौर की रैंकिंग सुधरी है और यह रैंकिंग आगे और बेहतर होनी चाहिए, ताकि गन्नौर नगरपालिका को स्टेट अवार्ड मिले। इस पर नपाध्यक्ष अरुण त्यागी ने बताया कि शहर में कूड़ा उठान का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है, लेकिन सफाई कर्मियों की कमी के चलते वार्डों में स्वीपिंग का कार्य प्रभावित हो रहा है। निगम आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द रोड लैंथ कर उन्हें सौंपने के निर्देश दिए, ताकि सफाई कर्मियों की संख्या बढ़वाई जा सके। उन्होंने बताया कि 9 मीटर से अधिक चौड़े रोड पर मशीनों की माध्यम से सफाई करवाई जाएगी।



एक शेर की दहाड़ इतनी तेज़ होती है इसे पांच मील दूर तक सुना जा सकता है।

कुत्तों की आबादी के मामले मे अमेरिका पहले नंबर पर आता है इसके बाद दूसरा स्थान फ्रांस का आता है।

# अच्छा करियर बनाना है तो आंगनवाड़ी टीचर बेहतर विकल्प



नॉलेज

**यंगभूमि डेस्क**

आंगनवाड़ी टीचर बनना अपने आप में ही एक उपलब्धि है क्योंकि आंगनवाड़ी शिक्षक बनकर आप बच्चों और गरीब वर्ग के लोगों की सहायता कर सकते हैं। यह वास्तव में ही एक सराहनीय काम है। इससे आप बच्चों की शिक्षा में सहायता कर सकते हैं तथा गरीब वर्ग के लोगों की भी मदद कर सकते हैं। एक आंगनवाड़ी सहायिका अपने समाज में महिलाओं और बच्चों की देखभाल करने में अहम भूमिका निभाती है। अगर आपके मन में सवाल उठ रहा है कि आंगनबाड़ी शिक्षक बनने के लिए क्या करना होता है तथा इसके लिए कौन सी योग्यताएं चाहिए। हम इस लेख में जानकारी दे रहे हैं।

## ये होनी चाहिए योग्यता

**शैक्षिक योग्यता**ः आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आप कम से कम 12वीं कक्षा पास होने चाहिए। शिक्षा मंत्रालय की तरफ से मान्यता प्राप्त बोर्ड से आपकी पढ़ाई पूरी होनी चाहिए।
**आयु सीमा**ः आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आपकी आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है।
**भाषा योग्यता**ः आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आप हिंदी भाषा बोलने में पूर्ण रूप से सक्षम होने चाहिए। आपको बच्चों को सही संज्ञानात्मक पाठ देने में पूरा ज्ञान होना चाहिए।
**प्रशिक्षण प्राप्त करें**ः आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आपको संबंधित ट्रेनिंग लेनी होगी। आप स्थानीय या राष्ट्रीय सरकारी अथवा निजी संस्थानों से टीचर ट्रेनिंग कोर्स कर सकते हैं। इसके लिए आपको बाल विकास, शिक्षा में प्रवीणता, बाल संरक्षण आदि के विषयों में गहन ज्ञान लेना होगा।
**योग्यता की जांच**ः आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए, आपको 12वीं कक्षा पास होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त आपको भी बाल विकास या संबंधित विषयों में अवधारणा होनी चाहिए।
**आवश्यक कागजात की तैयारी**ः आंगनवाड़ी टीचर के पद के लिए आवेदन करने से पूर्व, आपको जरूरी दस्तावेजों की तैयारी करनी होगी। आपको अपनी शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र, पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र, और किसी भी अन्य आवश्यक दस्तावेजों की एक कॉपी तैयार रखनी होगी।

## ये अलग-अलग पद

**आंगनवाड़ी सेविका**ः आंगनवाड़ी सेविका मुख्य रूप से बच्चों और माताओं की देखरेख करने का काम करती है। आंगनबाड़ी सेविका शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं, और सामाजिक सुरक्षा संबंधित कार्यों को संचालित करती है।
**आंगनवाड़ी सहायका**ः आंगनवाड़ी सहायका सेविका की सहायता करने का काम करती हैं और उन्हें विभिन्न कार्यों में सहायता उपलब्ध करती है। वे सामान्यतः आंगनवाड़ी सेविका के अधीन कार्य करती हैं। यानी की आंगनवाड़ी सहायिका आंगनबाड़ी सेविका के अंडर में काम करती है।
**मिशन आंगनवाड़ी सेविका**ः कुछ राज्यों में, मिशन आंगनवाड़ी सेविका के पद होते हैं जो सेविका और सहायका के कार्य को पूरा करती है। इनका काम आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के काम को पूरा करना होता है।
**आंगनवाड़ी सहायिका कम और संशोधित संस्करण**ः कुछ राज्यों में, आंगनवाड़ी सेविका और सहायका के संशोधित संस्करण होते हैं जो नए नियमों और मानकों के मुताबिक कार्य करते हैं।

## महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिलती

### ये लाभ

**बच्चों का सम्पूर्ण विकास**ः आंगनवाड़ी में होने वाले कार्यक्रम बच्चों के सामाजिक, शारीरिक, और मानसिक विकास को प्रोत्साहन देते हैं। यहां बच्चों को नैतिक मूल्यों, सामाजिक योग्यता, और आत्मविश्वास सिखाया जाता है।
**स्वस्थ रहना**ः आंगनवाड़ी सेंटर में बच्चों को स्वस्थ खानपान की सलाह दी जाती है और उन्हें नियमित चिकित्सा परीक्षा का लाभ दिया जाता है।
**पोषण की सुरक्षा**ः आंगनवाड़ी में उपलब्ध पोषण सेवाएँ बच्चों को सही आहार देने के बारे में जानकारी देती हैं और उनके पोषण स्तर का ध्यान रखती हैं। इससे उनकी गहरी कमजोरी और पोषण संबंधित समस्याओं का समाधान होता है।
**माता की देखभाल**ः आंगनवाड़ी में मौजूद मातृ देखभाल सेवाएँ माताओं को गर्भावस्था, प्रसव, और प्रसव के बाद की देखभाल के लिए मदद करती है।

**सैलरी :** आंगनवाड़ी वर्कर की सैलरी की बात करें तो यह 5500 से लेकर 7000 तक प्रतिमाह मिलती हैं। मिनी आंगनवाड़ी वर्कर की सैलरी 4250 से लेकर 5500 तक मिलती है तथा आंगनवाड़ी हेल्पर सैलरी 3250 से लेकर 4000 तक प्रति महीना होती है।

### ये सेवाएं

**प्री-स्कूल शिक्षा** : आंगनवाड़ी सेंटर में प्री-स्कूल शिक्षा का विकास किया जाता है। यहां बच्चों को बेसिक शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और कला-संस्कृति के आधार पर शिक्षा प्रदान की जाती है।
**पोषण सेवाएं** : आंगनवाड़ी में बच्चों के लिए पोषण सेवाएँ होती है। यहां बच्चों को सही आहार, पोषण और स्वस्थ खानपान के बारे में बताया जाता है।
**मातृ देखभाल सेवाए** : आंगनवाड़ी में मातृ देखभाल सेवाएँ भी मुहैया करवाई जाती है। यहां माताओं को गर्भावस्था के दौरान, प्रसव के समय, और प्रसव के बाद सही देखभाल और सलाह प्रदान दी जाती है।
**आरोग्य सेवा** : आंगनवाड़ी में आरोग्य सेवाएं भी उपलब्ध करवाई जाती है। यहां पर बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच की जाती है। आंगनवाड़ी में और भी कई तरह की सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती है।

## रोजगार पाने के ढेर सारे अवसर, अपनी पसंद का करियर बनाएं

# आर्ट्स से 12वीं करने के बाद मिलते हैं सरकारी नौकरियों के अनेक अवसर

जॉब ट्रेंड्स

**करियर डेस्क**

### टीचिंग और एसएससी में मिलते बड़े अवसर

अगर आप किसी भी प्रकार की सरकारी नौकरी प्राइवेट नौकरी करना चाहते हैं तो उसके लिए 12वीं कक्षा को पास करना अनिवार्य होता है। विद्यार्थियों के लिए सरकारी नौकरी हमेशा ही एक लोकप्रिय विकल्प रहता है। ऐसे में देखा जाए तो 12वीं कक्षा करने के बाद बहुत सारी सरकारी नौकरी होती है जिन्हें हम कर सकते हैं और अपना बेहतर कैरियर बना सकते हैं, लेकिन कई नौकरियां ऐसी होती है जो स्ट्रीम के हिसाब से की जाती है। ऐसे में हम आपको 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए जिन्होंने आर्ट्स के द्वारा 12वीं कक्षा पास की है उनके लिए सरकारी नौकरी के विकल्प लेकर आए हैं।



### असिस्टेंट लोको पायलट

आर्ट्स से 12वीं कक्षा पास करने के बाद सरकारी नौकरी में असिस्टेंट लोको पायलट आता है। यह नौकरी उन लोगों के लिए होती हैं जो लोग 12वीं कक्षा के बाद रेलवे में सरकारी नौकरी करना चाहते हैं।

### असिस्टेंट लोको पायलट बनने के लिए योग्यता

12वीं कक्षा उत्तीर्ण होने अनिवार्य है। उम्मीदवार को मैकेनिक या फिर ऑटोमोबाइल से 2 वर्ष डिप्लोमा प्राप्त करना अनिवार्य है। फिजिकल पूरी तरह से फिट होना जरूरी है। आंखों की रोशनी पूरी तरह से ठीक होनी चाहिए और व्यक्ति को कलर ब्लाइंडनेस की परेशानी ना हो।

### असिस्टेंट लोको पायलट की तनख्वाह

असिस्टेंट लोको पायलट को शुरुआती समय में जो सैलरी मिलती है उसमें वेतन के अलावा उन्हें अन्य भत्ते भी दिए जाते हैं। अगर ओवरटाइम करते हैं तो एडवांस भी दिया जाता है। शुरुआती समय में 35000 तक तनख्वाह होती है।

### पोस्टल असिस्टेंट

12वीं कक्षा आर्ट्स से उत्तीर्ण करने के बाद पोस्टल असिस्टेंट के पद पर भी कार्यरत किया जा सकता है। इसे डाक पोस्ट के नाम से भी जाना जाता है। यह पूरे ऑफिस के काम को मैनेज करता है।

**योग्यता**

- 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- एसएससी सीएचएसएल की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।
- व्यक्ति की आयु 18 से 27 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
- कंप्यूटर के ज्ञान के साथ-साथ पूरी तरह से टाइपिंग भी आनी चाहिए।

**सैलरी**

इस पद पर अगर आप काम करते हैं तो बेसिक सैलरी के साथ-साथ अन्य भत्ते भी दिए जाते हैं। इसमें शुरुआती सैलरी 20000 से 25000 तक होती है।

### रेलवे क्लर्क

12वीं कक्षा आर्ट्स से उत्तीर्ण करने के बाद जो लोग सरकारी नौकरी करना चाहते हैं उनके लिए रेलवे क्लर्क बेस्ट ऑप्शन होता है। रेलवे क्लर्क का काम बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। वह इस बात को सुनिश्चित करता है कि रेलवे यार्ड में वैगन और कोच की कितनी संख्या है। इसके अलावा डॉक्यूमेंट तैयार करने का काम भी रेलवे क्लर्क का होता है।

**योग्यता**

12वीं कक्षा पास होना अनिवार्य है। आरआरबी एनटीपीसी की परीक्षा क्लियर करना अनिवार्य है। उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिएऔर अधिकतम आयु 30 वर्ष होनी चाहिए। एससी और एसटी वर्ग को आयु सीमा में 3 साल से 5 साल तक की छूट दी जाती है।

**सैलरी**

रेलवे क्लर्क पद पर अगर सैलरी की बात की जाए तो शुरुआती महीने में 28000 से लेकर 30000 तक की सैलरी दी जाती है।

### फॉरेस्ट गार्ड

12वीं कक्षा पास करने के बाद आप फॉरेस्ट गार्ड की नौकरी अगर करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको एग्जाम देना होता है। इसमें पास होने वाले विद्यार्थियों को जंगलों की सुरक्षा के लिए उसके पद पर तैनात कर दिया जाता है। अगर आप अपनी प्रकृति से अधिक प्रेम करते हैं तो आप इस तरह की नौकरी कर सकते हैं। इस पद पर आपको 30000 से लेकर 40 हजार रुपए तक की सैलरी दी जाती है।

**रेलवे ग्रुप डी की नौकरी**

रेलवे ग्रुप डी आरआरबी के द्वारा लेवल 1 का एग्जाम होता है जिसे क्लियर करना अनिवार्य होता है। यह रेलवे मंत्रालय के अधीन आता है इसीलिए केंद्रीय सरकार के अंतर्गत ही नौकरी करनी होती है। 12वीं कक्षा किसी भी स्ट्रीम से पास किया हुआ विद्यार्थी इसके लिए आवेदन कर सकता है। इसके लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। वहीं अगर इसकी सैलरी की बात की जाए तो शुरुआती समय में अन्य भत्ते के साथ 22 से 25000 तक की सैलरी होती है।



### गवर्नमेंट टीचर की नौकरी

आज के समय में बहुत सारे विद्यार्थी ऐसे हैं जो 12वीं कक्षा के बाद सरकारी नौकरी में गवर्नमेंट टीचर की नौकरी प्राप्त करना चाहते हैं। हालांकि सरकारी टीचर बनना बहुत ही ज्यादा मुश्किल होता है। इसके लिए सबसे पहले ट्रेनिंग कोर्स करना होता है इसके बाद कई एग्जाम देने के बाद सरकारी टीचर बन सकते हैं।

**योग्यता**

- 12वीं पास करना अनिवार्य है।
- विद्यार्थी को टीचर ट्रेनिंग का कोर्स किया होना चाहिए।
- टीचर एलिजिबिलिटी एग्जाम पास करना अनिवार्य है।
- विद्यार्थी को कंप्यूटर की जानकारी होना भी अनिवार्य है।

**सैलरी**

एक सरकारी टीचर की सैलरी उसके ऊपर निर्भर करती है कि उसका पद क्या है। अगर शुरुआती समय में गवर्नमेंट टीचर की सैलरी बात की जाए तो यह 20000 से लेकर 40000 तक होती है। उसके बाद अनुभव के साथ-साथ सैलरी बढ़ती जाती है। हमने कुछ नौकरी के बारे में आपको विस्तार पूर्वक बताया है लेकिन इस 12वीं कक्षा आर्ट्स के द्वारा पास करने के बाद आपके पास बहुत सारे विकल्प ऐसे होते हैं जिनका इस्तेमाल करके आप सरकारी नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। हम आपको कुछ अन्य विकल्प के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

### एसएससी जीडी में नौकरी

कर्मचारी आयोग प्रत्येक वर्ष एसएससी जीडी परीक्षा को आयोजित करता है इसके जरिए विभिन्न विभाग में कांस्टेबल के पद पर भारती की जाती है जो व्यक्ति कांस्टेबल के रूप में नौकरी पाना चाहते हैं उनके लिए यह बेहतर ऑप्शन होता है इसमें निम्नलिखित ऑप्शन होते हैं।

- बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स
- सशस्त्र सीमा बल
- सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स
- इंडो तिब्बतन बॉर्डर पुलिस
- नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो में सिपाही
- सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स
- सेक्रेटेरिएट सिक्योरिटी फ़ोर्स
- राइफलमैन इन असम राइफल्स

इसके लिए छात्र दसवीं पास करने के बाद भी इस परीक्षा को दे सकता है। अन्यथा 12वीं पास करने के बाद भी परीक्षा दी जा सकती है। इसके लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 23 वर्ष होनी चाहिए। आरक्षित विद्यार्थियों को अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाती है।

### 12वीं कक्षा आर्ट्स करने के बाद क्या करें

12वीं कक्षा आर्ट्स उत्तीर्ण करने के बाद आप अपनी इच्छा के अनुसार अपने करियर का चुनाव कर सकते हैं। अगर आपको वर्दी पहनने का शौक है तो आप सेना या अर्ध सैनिक बल में जाकर देश की सेवा कर सकते हैं या फिर आप स्टेट पुलिस के लिए भी अप्लाई कर सकते हैं। इसी के साथ-साथ आप रेलवे में नौकरी अगर प्राप्त करना चाहते हैं तो उसके लिए ग्रुप डी के साथ-साथ कांस्टेबल की तैयारी भी कर सकते हैं। अगर आप चाहते हैं कि आप इस प्रकार की नौकरी करें जहां पर शारीरिक परिश्रम ना करना पड़े केवल ऑफिस का काम हो तो इसके लिए आप गवर्नमेंट विभाग में आने वाली एलडीसी भर्ती की तैयारी भी कर सकते हैं।

# सोशल मीडिया हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा, इसने खोले करियर के कई नए रास्ते



मोटिवेशनल

**डॉ. दिव्या तंवर**

आज का युग डिजिटल युग है, और सोशल मीडिया हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन चुका है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, और टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्म ने न केवल हमें दुनिया से जोड़ा है, बल्कि करियर के नए रास्ते भी खोले हैं। लेकिन, सोशल मीडिया का प्रभाव और करियर में शॉर्टकट की चाहत छात्रों के लिए एक दोधारी तलवार की तरह हो सकती है। यह लेख आपको प्रेरित करेगा कि सोशल मीडिया का सही उपयोग कैसे करें और शॉर्टकट की ललक को छोड़कर एक मजबूत और सार्थक करियर कैसे बनाएं। सोशल मीडिया ने छात्रों के लिए अनगिनत अवसर पैदा किए हैं। चाहे वह ऑनलाइन लर्निंग हो, स्किल डेवलपमेंट हो, या फिर नेटवर्किंग, सोशल मीडिया ने सीमाओं को तोड़ दिया है। आज आप यूट्यूब पर फ्री कोर्सेज के जरिए नई स्किल्स सीख सकते हैं, लिंक्डइन पर प्रोफेशनल्स से जुड़ सकते हैं, और इंस्टाग्राम पर अपनी क्रिएटिविटी दिखा सकते हैं।

## मेहनत और लगन से मिलती है सफलता

कई छात्रों ने सोशल मीडिया का उपयोग करके अपने स्टार्टअप शुरू किए, फ्रीलांसिंग में कदम रखा, या फिर एक इन्फ्लुएंसर के रूप में अपनी पहचान बनाई। उदाहरण के लिए, कई यंग यूट्यूबर्स और इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर्स ने अपनी पढ़ाई के साथ-साथ कंटेंट क्रिएशन शुरू किया और आज लाखों की कमाई कर रहे हैं। लेकिन यहाँ एक महत्वपूर्ण बात हैः इन लोगों ने मेहनत, लगन, और सही दिशा में काम करके सफलता हासिल की। सोशल मीडिया ने उन्हें एक मंच दिया, लेकिन उनकी मेहनत ने उस मंच को चमकाया।
**शॉर्टकट की चाहतः एक खतरनाक जाल** : सोशल मीडिया पर चमक-दमक देखकर कई छात्र यह सोचने लगते हैं कि सफलता का रास्ता आसान और तुरंत मिलने वाला है। इन्फ्लुएंसर्स की लग्जरी लाइफ, ट्रेंडिंग रील्स, और वायरल वीडियोज देखकर लगता है कि बस एक वीडियो बनाया और रातोंरात स्टार बन गए। लेकिन हकीकत इससे कहीं अलग है। शॉर्टकट की चाहत में कई छात्र अपनी पढ़ाई, स्किल डेवलपमेंट, और लॉन्ग-टर्म गोल्स को नजरअंदाज कर देते हैं। उदाहरण के तौर पर, कुछ छात्र फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए गलत तरीकों का सहारा लेते हैं, जैसे फेक फॉलोअर्स खरीदना या कॉपीराइट कंटेंट का इस्तेमाल करना। इससे न केवल उनकी विश्वसनीयता पर सवाल उठता है, बल्कि कानूनी परेशानियाँ भी हो सकती हैं। इसके अलावा, साइबर क्राइम जैसे फिशिंग, हैकिंग, या साइबरबुलिंग में फंसने का खतरा भी बढ़ जाता है। एक गलत कदम आपके करियर को बर्बाद कर सकता है।
**सही दिशा में सोशल मीडिया का उपयोग** : छात्रों, यह समझना जरूरी है कि सोशल मीडिया एक टूल है, न कि आपका गोल। इसे अपने करियर को मजबूत करने के लिए इस्तेमाल करें, न कि शॉर्टकट की तलाश में भटकने के लिए। यहाँ कुछ टिप्स हैं जो आपको प्रेरित करेंगे।
**स्किल्स सीखें**ः सोशल मीडिया पर ढेरों फ्री और पेड कोर्सेज उपलब्ध हैं। चाहे वह कोडिंग हो, डिजिटल मार्केटिंग हो, या ग्राफिक डिजाइनिंग, अपने इंटरेस्ट के हिसाब से स्किल्स सीखें। उदाहरण के लिए, यूट्यूब पर **Coursera** या **Skillshare** जैसे प्लेटफॉर्म्स के फ्री ट्यूटोरियल्स देखें।
**नेटवर्किंग करें**ः लिंक्डइन जैसे प्लेटफॉर्म्स पर इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स से जुड़ें। अपने प्रोजेक्ट्स और अचीवमेंट्स शेयर करें। यह आपको इंटर्नशिप्स और जॉब्स के लिए नए रास्ते खोलेगा।

## वैल्यूएबल कंटेंट बनाए

**क्रिएटिव बनें**ः अगर आप इन्फ्लुएंसर बनना चाहते हैं, तो ओरिजिनल और वैल्यूएबल कंटेंट बनाएं। उदाहरण के लिए, अगर आप साइंस के स्टूडेंट हैं, तो साइंस से जुड़े मजेदार एक्सपेरिमेंट्स शेयर करें। यह आपकी ऑडियंस को आकर्षित करेगा।
**साइबर सिक्योरिटी का ध्यान रखें**ः सोशल मीडिया पर अपनी पर्सनल जानकारी सावधानी से शेयर करें। स्ट्रॉन्ग पासवर्ड्स और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करें। अगर आपको कोई साइबर क्राइम का शिकार बनाया जाता है, तो तुरंत **www.cybercrime.gov.in** पर शिकायत दर्ज करें।
**लॉन्ग-टर्म गोल्स पर फोकस करें**ः सोशल मीडिया की चमक में अपनी पढ़ाई और करियर गोल्स को न भूलें। शॉर्टकट की जगह मेहनत और धैर्य को अपनाएं। सचिन तेंदुलकर या एलोन मस्क जैसे लोग रातोंरात सफल नहीं हुए; उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें वहाँ पहुँचाया। आइए, एक भारतीय छात्र की कहानी से प्रेरणा लें। अनन्या, एक कॉलेज स्टूडेंट थी, जिसने लॉकडाउन के दौरान यूट्यूब पर इंग्लिश लर्निंग वीडियोज शुरू किए। उसने छोटे-छोटे टिप्स शेयर किए, जैसे कि इंग्लिश बोलने का डर कैसे दूर करें। उसकी मेहनत और कंसिस्टेंसी की वजह से आज उसके लाखों सब्सक्राइबर्स हैं, और वह एक ऑनलाइन कोचिंग प्लेटफॉर्म भी चलाती है। अनन्या ने सोशल मीडिया का सही उपयोग किया और शॉर्टकट की जगह अपनी स्किल्स पर भरोसा किया।

## सामान्य ज्ञान

**1.** समुद्र पृथ्वी की सतह का लगभग ______ घेरे हुए है ।
(ए) 50%'
(बी) 60%'
(सी) 70%'
(डी) 80%'

**2.** कौन - सा सागर महासागरीय मरुभूमि के रूप में अभिहित किया जाता है ?
(ए) अरब सागर
(बी) सार्गैसो सागर
(सी) लाल सागर
(डी) चीन सागर

**3.** सार्गैसो सागर अवस्थित है -
(ए) प्रशांत महासागर में
(बी) उतरी अटलांटिक महासागर में
(सी) दक्षिणी अटलांटिक महासागर में
(डी) हिन्द महासागर में

**4.** तस्मान सागर किसके मध्य अवस्थित है ?
(ए) उत्तर व दक्षिण अमेरिका
(बी) भारत व श्रीलंका
(सी) ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड
(डी) साइबेरिया व अलास्का

**5.** निम्नलिखित में से किस सागर की सीमाएं तीन महाद्वीपों को स्पर्श करती है ?
(ए) लाल सागर
(बी) बेरिंग सागर
(सी) भूमध्य सागर
(डी) अरब सागर

**6.** निम्नलिखित सागरों में से किसके चारों ओर समुद्री धाराएं प्रवाहित होती है ?
(ए) चीन सागर
(बी) जापान सागर
(सी) मारमारा सागर
(डी) सारगैसो सागर

**7.** काला सागर किस देश के दक्षिण में स्थित है ?
(ए) फ्रांस
(बी) रूस
(सी) तुर्की
(डी) इंग्लैंड

**8.** निम्नलिखित में कौन - सा देश काला सागर को स्पर्श नहीं करता है ?
(ए) रूस
(बी) कजाकिस्तान
(सी) यूक्रेन
(डी) मोल्दोवा

उत्तर 1.(सी) 2.(बी) 3.(बी) 4.(सी) 5.(सी) 6.(डी) 7.(बी) 8.(बी)

## खबर संक्षेप

### विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया तीजोत्सव

**सोनीपत।** जैन विद्या मन्दिर में हरियाली तीज का त्योहार बहुत धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यालय के प्रधान राकेश जैन, सचिव शशि भूषण जैन, प्राचार्या डा. नीरू, प्रबंधक कमेटी के सदस्यों के साथ साथ सभी अध्यापिकाओं तथा विद्यालय के अन्य सदस्यों ने भी हिस्सा लिया। प्राचार्या डा. नीरू ने सभी को तीज की बधाई दी व सबका हार्दिक अभिनन्दन किया। विद्यार्थियों द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

### सर छोटूराम मॉडर्न में मनाया तीज महोत्सव

**सोनीपत।** सर छोटू राम मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रतनगढ़ माजरा में हरियाणवी लोक पर्व तीज का पारंपरिक तरीके से उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और हरियाणवी गीतों के साथ हुई। छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य, गीत, झूले और लोक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति की सुंदर झलक पेश की। मुख्य आकर्षण रहा छात्रों द्वारा प्रस्तुत लोक गीतों और तीज से जुड़ी नाट्य प्रस्तुतियां, जिसमें हरियाणवी लोक परंपराओं को भावनात्मक अभिव्यक्ति और आत्मबल से प्रस्तुत किया गया।

### मेहंदी प्रतियोगिता में प्रीति ने मारी बाजी

**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में तीज महोत्सव के मौके पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्या कंचन सिधर ने छात्राओं को तीज का महत्व बताया। कॉलेज प्रांगण में हरियाणवी संस्कृति की झलक देखने को मिली। कॉलेज छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर मेहंदी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. आशा राठी, शीतल, दीपशिखा ने निभाई। छात्रा प्रीति ने प्रथम स्थान, भारती ने दूसरा स्थान, छात्रा सुहानी ने तृतीय स्थान पाया।

### साउथ प्वाइंट स्कूल में रही तीज पर्व की धूम

**सोनीपत।** साउथ प्वाइंट स्कूल में हरियाली तीज का त्योहार पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाया गया। स्कूल परिसर को हरे-भरे सजावटी सामानों से सजाया गया था। बच्चों ने हरे रंग की पोशाक पहनकर तीज के रंगों को जीवंत कर दिया। विद्यार्थी घर से हरे रंग के स्वादिष्ट पकवान भी लाए। साउथ प्वाइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि हरियाली तीज प्रकृति के सौंदर्य का प्रतीक है। इस तरह के आयोजनों से बच्चों में भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना उत्पन्न होती है।

### विद्यार्थियों ने पतंगबाजी में दिखाया अपना हुनर

**गोहाना।** शेर सिंह पब्लिक स्कूल गोहाना में शुक्रवार को तीज पर्व को लेकर पतंग उड़ाने की प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में पांचवीं कक्षा तक के बच्चों ने पतंगबाजी में अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाया। विद्यार्थियों ने झूला-झूलने का लुत्फ भी उठाया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन स्कूल के चेयरमैन महेंद्र सिंह मलिक ने किया। कहा कि पढ़ाई के साथ गैर शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेना भी आवश्यक है। गैर शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। समारोह में विद्यार्थियों ने कविता पाठ व नृत्य में भी अपनी प्रतिभा झलक दिखाई।

### गायत्री विद्यापीठ में मनाई हरियाली तीज

**गन्नौर।** गायत्री विद्यापीठ गन्नौर में तीज पर्व पर बच्चों ने पारंपरिक गीतों पर नृत्य कर कार्यक्रम में रंग भर दिया। छात्राओं ने बहनों को झूला झुलाया और मस्ती की। प्रधानाचार्या शकुंतला कौशिक ने तीज का महत्व बताते शिव-पार्वती के मिलन की कथा सुनाई। शिक्षकों ने विद्यार्थियों संग झूला झूला और पारंपरिक व्यंजन जैसे सुहाली व मठ्ठी बांटी। मोनिका, सुमन, निशा, तमन्ना सहित सभी अध्यापिकाओं ने भागीदारी निभाई निदेशक राजेंद्र ने कार्यक्रम की सराहना की।

### एमआर स्कूल में तीज उत्सव पर मेहंदी लगाने और कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन

# अपने सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखेंः राजबीर शर्मा

## आधुनिकता की दौड़ में अपनी सांस्कृतिक महता को कम न होने देंः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गोहाना

महम रोड स्थित एमआर विद्यालय गोहाना में शुक्रवार को तीज उत्सव पर मेहंदी लगाने और कविता पाठ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेताओं को विद्यालय के एमडी राजबीर शर्मा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्या अनीता शर्मा ने की।

मेहंदी प्रतियोगिता कक्षा छठी से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं से पिंकी और हिमांशी, कक्षा 10वीं से खुशी, कक्षा 9वीं से नैंसी मलिक, कक्षा 8वीं से वंशिका, कक्षा 7वीं से सायमा और कक्षा छठी से मीनल ने अपने हाथों पर सबसे सुंदर मेहंदी रचाई। कविता पाठ प्रतियोगिता कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने तीज उत्सव पर आधारित कविताएं सुनाई। संयोजन ज्योति, निधि, मोनिका व अनु ने किया। निर्णायक मंडल में अंशु खासा, अनिता सैनी व इंदु शर्मा शामिल रहे। एमडी राजबीर शर्मा ने कहा कि आज आधुनिकता की दौड़ में अपनी सांस्कृतिक महता को कम न होने दें। अपने सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखें।



गोहाना। अपने द्वारा बनाए गए मेहंदी के डिजाइनों को दर्शाते विद्यार्थी।




खरखौदा। कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करते विद्यार्थी।

### कल्पना चावला विद्यापीठ में मनाया तीज महोत्सव

**खरखौदा।** खांडा मार्ग स्थित कल्पना चावला विद्यापीठ में तीज का त्योहार उत्साह के साथ मनाया गया। मंच का संचालन अध्यापिका शीतल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां दी। जिनमें हरियाणवी,पंजाबी गीत, रागिनी, नृत्य शामिल थे। कक्षा दूसरी व तीसरी की छात्राओं ने पंजाबी नृत्य तथा कक्षा छठी से आठवीं कक्षाओं की छात्राओं ने हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा पांचवी के छात्र आयुष द्वारा हरियाणवी गीत प्रस्तुत किया गया व कक्षा नौवीं की छात्रा स्नेहा द्वारा हरियाणवी रागिनी की प्रस्तुति दी गई। विद्यालय में छात्राओं को झूला झुलाया गया। सभी अध्यापिकाओं ने भी तीज के त्योहार का खूब आनंद उठाया। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्या उषा वत्स, प्राथमिक प्रभारी रीतू व समस्त अध्यापकों सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्राचार्या ने तीज के त्योहार का महत्व बताते हुए बताया कि हरियाली तीज हिंदू धर्म का पवित्र त्योहार है।



राई। प्रतिभागी छात्रों के साथ रेनू विद्या मन्दिर के प्रधानाचार्य व शिक्षक।

### तीज महोत्सव का किया आयोजन

**गन्नौर।** रेणु विद्या मंदिर बहालगढ़ में तीज महोत्सव का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुंडली एवं राजकीय वमावि खेवड़ा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विभिन्न सांस्कृतिक व रचनात्मक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मेहंदी कला, पोस्टर निर्माण, कांच चित्रकला प्रतियोगिता, अनुपयोगी वस्तुओं से कला निर्माण प्रतियोगिता में छात्रों ने प्रतिभा दिखाई। संस्थान के संस्थापक नानक चंद गुप्ता एवं प्रेरणा स्रोत कुमारी रेणु गुप्ता ने सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। गुप्ता ने प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से पुरस्कृत किया, वहीं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं आये हुए सभी का आभार व्यक्त किया एवं आये हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

### कविता पाठ में जयेश आरव और पार्थ की टीम अव्वल



**गोहाना।** गोहाना-जींद मार्ग स्थित नालंदा इंटरनेशनल विद्यालय में शुक्रवार को हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा छठी से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता कर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। प्रतियोगिता में कक्षा छठी से जयेश, कक्षा 7वीं से आरव जैन और कक्षा 8वीं से पार्थ की टीम अव्वल रही। कक्षा छठी से प्राची, कक्षा 7वीं से दृष्टि और कक्षा 8वीं से तनम की टीम दूसरे स्थान पर जबकि कक्षा छठी से अवनि सहरावत, कक्षा 8वीं से उर्वशी और कक्षा 8वीं से आरना की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। कक्षा 8वीं की छात्रा यशिका ने शिव तांडव स्तोत्र की उत्कृष्ट प्रस्तुति देने पर सर्वश्रेष्ठ वक्ता घोषित किया गया। विजेताओं को प्राचार्य सुभाष चंद्र और संयोजक आरती ने सम्मानित किया।



गोहाना। झूला झूलते महिला विवि की कुलपति प्रो . सुदेश। फोटो :हरिभूमि

## अपने त्योहारों को सांस्कृतिक मूल्यों के साथ हर्षोल्लास से मनाएं : वीसी

- कुलपति ने छात्राओं संग झूला-झूलने का लुत्फ उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां में शुक्रवार को तीज उत्सव का आयोजन किया गया। विवि के अहिल्याबाई होल्कर छात्रावास में आयोजित इस समारोह में कुलपति प्रो. सुदेश ने महिला कर्मचारियों व छात्राओं के साथ झूला झूलने का लुत्फ उठाया। गांव खानपुर कलां की महिलाएं भी तीज उत्सव मनाने महिला विवि में पहुंची।

कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि हरियाली तीज को श्रावणी तीज भी कहा जाता है। सावन माह होने की वजह से हर तरफ हरियाली होती है। प्रो. सुदेश ने कहा कि हमारे त्योहार हमारी संस्कृति के प्रतीक हैं। अपनी संस्कृति की मजबूती के लिए अपने त्योहारों को सांस्कृतिक मूल्यों के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाएं। उन्होंने महिला विवि परिवार के साथ ग्रामीण महिलाओं को तीज उत्सव की शुभकामनाएं दी। महिला कर्मचारियों, छात्राओं और ग्रामीण महिलाओं ने झूला झूलते हुए लोकगीत गाए। छात्राओं ने कुलपति प्रो. सुदेश के हाथों पर मेहंदी भी लगाई। समारोह में विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया, चीफ वार्डन प्रो. शालिनी अत्री व मुख्य सुरक्षा अधिकारी प्रो. सरला उपस्थित रहे।

### नव ज्योति शिक्षा सदन में मनाया पर्व

**गन्नौर।** नव ज्योति शिक्षा सदन खुबडू भांवर में हरियाली तीज का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी वेशभूषा में भाग लिया। अध्यापिकाओं प्रिया, तनु, सरोज आदि ने आयोजन में सहयोग दिया। प्रधानाचार्य राजेंद्र कौशिक ने बताया कि यह पर्व शिव-पार्वती के मिलन का प्रतीक है। छात्राओं को मेहंदी लगाई गई और झूले झुलाए गए। पारंपरिक व्यंजन जैसे मठरी, सुहाली, गुलगुले और घेवर बच्चों को परोसे गए। कार्यक्रम में हरियाली के प्रतीक हरे वस्त्रों का विशेष महत्व बताया गया।



नव ज्योति स्कूल में प्रधानाचार्य राजेन्द्र कौशिक के साथ प्रतिभागी छात्र।




तीज पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती चाइल्ड केयर स्कूल की छात्राएं।

### तीज और कारगिल विजय दिवस मनाया

**गन्नौर।** चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में हरियाली तीज और कारगिल विजय दिवस का आयोजन बड़े ही उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन से की गई। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, कविताओं और भाषणों के माध्यम से देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों को याद किया। विद्यालय को हरियाली व पारंपरिक सजावट से सजाया गया। छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में लोकगीतों और नृत्य प्रस्तुत कर समां बाँध दिया। बच्चों ने झूला झूलकर तथा मेंहदी लगाकर तीज का त्यौहार मनाया। विद्यालय की निर्देशक अजय यादव ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे पर्व बच्चों को हमारी संस्कृति और इतिहास से जोड़ते हैं। प्राचार्य श्री अरुण गौतम ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और इस प्रकार के आयोजनों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया।

### हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन

**खरखौदा।** द स्टैनफोर्ड स्कूल, थाना खुर्द में हरियाली तीज हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। यह कार्यक्रम भारतीय संस्कृति, परंपराओं और महिलाओं की समृद्ध विरासत को समर्पित रहा। कार्यक्रम की शुरुआत माँ पार्वती और भगवान शिव की वंदना से की गई। छात्राओं ने पारंपरिक हरियाणवी गीतों पर नृत्य, गायन व हरियाणवी सांग प्रस्तुत किये। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी छात्राओ ने झूला झूलते हुए आनंद उठाया। विद्यालय के चेयरमैन उत्सव दहिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे पारंपरिक पर्व बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और उनमें सामाजिक मूल्यों का विकास करते हैं। स्कूल की निर्देशिका पूजा उत्सव दहिया ने कहा कि संस्कृति को विरासत के रूप में संजोए रखना ही हमारी धरोहर है। प्राचार्य संजीत कुमार नैन ने कहा कि विद्यार्थियों को मंच पर अपने प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता हैं।



खरखौदा। कार्यक्रम में झूला झूलती छात्राएं।




खरखौदा। प्राचार्या के साथ कार्यक्रम के प्रतिभागी विद्यार्थी।

### जेबीएच स्कूल में मनाया तीज का उत्सव

**खरखौदा।** दिल्ली मार्ग पर स्थित जेबीएच स्कूल में शुक्रवार को तीज पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ स्कूल प्राचार्या सुमन दहिया ने किया। उन्होंने बताया कि तीज केवल एक पर्व नहीं, बल्कि नारी की श्रद्धा सौंदर्य और शक्ति का प्रतीक है। यह पर्व सावन माह की शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। जिसका धार्मिक महत्व शिव पार्वती के पुनर्मिलन से जुड़ा है। विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पेंटिंग ,रंगोली, मेहंदी ,कविता पाठ एवं नृत्य जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विद्यालय में छात्राओं और स्टाफ ने पारंपरिक अंदाज में झूला झूमकर पर्व का आनंद लिया। इस मौके पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को स्कूल प्राचार्या सुमन दहिया द्वारा सम्मानित किया गया।



### लोकगीतों पर शानदार प्रस्तुतियां दी

**सोनीपत।** पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल, कामी रोड, सोनीपत में हरियाणा की लोकसंस्कृति, परंपरा और नारी उत्सव का प्रतीक तीज महोत्सव पूरे पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस आयोजन का उद्घाटन विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विजय पाल नैन ने दीप प्रज्वलन कर किया। उनके साथ सचिव गौतम नैन तथा विद्यालय की प्राचार्या हिमानी दहिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण और स्वागत गीत से हुई। इसके बाद छात्राओं ने हरियाणवी, पंजाबी और राजस्थानी लोकगीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुतियां दीं, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का सबसे रोचक भाग मेहंदी प्रतियोगिता रहा, जिसमें स्कूल की छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सावन के गीतों के साथ मिलकर झूले का आनंद लिया।

### स्कूल में तीज पर्व मनाया

**गन्नौर।** शास्त्री नगर स्थित मार्डन पब्लिक स्कूल में तीज पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। बच्चों ने ढोल की थाप पर नृत्य किया और अध्यापिकाओं संग तीज पार्टी में भाग लिया। पतंग सजाओ और मेहंदी प्रतियोगिता जैसे आयोजन हुए। छात्राएं पारंपरिक हरे वस्त्रों में सजधज कर आईं। चेयरमैन अशोक वर्मा व प्रधानाचार्या महक धनखड़ ने बच्चों को तीज की शुभकामनाएं दीं और बताया कि यह पर्व सावन मास में हरियाली और स्त्री-सामर्थ्य का प्रतीक है। बच्चों ने पूरे उत्साह से पारंपरिक गीत गाए और उन्हें झूला भी झुलाया गया।






### मेहंदी रचाओं प्रतियोगिता में सोनिया प्रथम

**गन्नौर।** भारत विकास परिषद गन्नौर शाखा द्वारा आयोजित मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में 17 स्कूलों के 66 छात्र और 10 शिक्षिकाओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों और शिक्षिकाओं की रचनात्मकता ने सबका मन मोह लिया। भाविप अध्यक्ष संदीप सिंघल ने बताया कि प्रतियोगिता में राजकीय माडल संस्कृति स्कूल की सोनिया प्रथम, निधि, सोफिया, वंशिका व तमन्ना द्वितीय, जबकि आंचल, प्रिया व माही तृतीय स्थान पर रहीं। शिक्षिका वर्ग में स्वामी चेतना स्कूल की शिवानी प्रथम रहीं।

### तीज उत्सव धूमधाम से मनाया मेहंदी प्रतियोगिताएं आयोजित

**गन्नौर।** जीटी रोड स्थित जैन गर्ल्स कालेज में हरियाली तीज पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया और आकर्षक डिजाइन बनाई। प्रथम पुरस्कार बीएससी प्रथम वर्ष की अनु, द्वितीय पुरस्कार मुस्कान व कृष्णा, और तृतीय सान्या को मिला। कालेज प्राचार्य डा. मनोज ने प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने छात्राओं को इस पर्व के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि यह त्यौहार संस्कृति का प्रतीक है। पारंपरिक गीतों व रंग-बिरंगी वेशभूषा ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। प्रतियोगिता ने कला और संस्कृति को साथ जोड़ने का संदेश दिया।

# सोनीपतः संस्कृति के रंग तीज के संग थीम पर मनाया हरियाली तीज महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

जीवीएम गर्ल्स कालेज में संस्कृति के रंग तीज के संग थीम के साथ हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने हर्ष और उल्लास के साथ बढ़चढ़ कर भाग लिया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने समस्त कालेज परिवार को तीज महोत्सव की बधाई देते हुए सबके लिए मंगलकामना की।

जीवीएम में तीज महोत्सव के अवसर पर छात्राओं को घेवर के प्रकार और उन्हें बनाने की विधि के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अलवा कार्यक्रम में चूड़ियों, ज्वैलरी व मेहंदी की स्टाल भी लगाई गई।




सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देती छात्राएं।

वहीं महाविद्यालय के होम साइंस विभाग की ओर से गोल-गप्पों सहित गुजिया, कढ़ी-चावल, नींबू पानी, कोल्ड काफी, ब्रेड रोल, एनसीसी व एनएसएस की स्टाल भी लगाई गई। इस अवसर पर मेहंदी, सांस्कृति वेषभूषा, रंगोली आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई और परिणाम घोषित किए गए। जिसमें मेहंदी प्रतियोगिता में अनुराधा, सांस्कृतिक वेशभूषा प्रतियोगिता में प्रज्ञा, रंगोली प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम रही। इस अवसर पर महाविद्यालय अध्यक्ष ओपी परूथी, प्राचार्य डा. मंजुला स्पाह, उप प्राचार्य डा. सुमन नाशा, महाविद्यालचय का टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ सहित आर्गेनाइजिंग टीम अर्चना खुराना, रूचिका वरमानी, डा. मनिता, कर्नल प्रियंका, डा. पूजा गुलाटी व महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।

**न्यायालय श्री अशोक कुमार, नायब तहसीलदार एवं सहायक कलैक्टर, प्रथम/द्वितिय श्रेणी खरखौदा ।**

**केस नं. : /NTK , किस्म मु. : तकसीम**
**मौजा : पिपली**

**अनुमान**

1- श्रीमति शकुन्तला विधवा स्व. श्री हवासिंह 2-कृष्ण कुमार 3-प्रवेश कुमार पुत्रान स्व. श्री हवासिंह निवासी गांव पिपली तहसील खरखौदा जिला सोनीपत 4-वन्दना पुत्री स्व. श्री हवासिंह पत्नी श्री जोगिन्द्र हाल पता मकान नं0 547 पटी पछिया नजदीक एस वी एम हाई स्कूल झाड़सा सैक्टर-45 गुड़गांव-122003 फरीक अव्वल

बनाम

1-श्रीमति किताबो पुत्री रतिराम पुत्र रामकिशन हाल पता गांव मदीना तहसील महम जिला रोहतक 2-इन्द्र सिंह पुत्र भरतू पुत्र रामकिशन 3-अजय कुमार पुत्र रामकुमार पुत्र रतिराम 4-शीला देवी पुत्री करतार सिंह पुत्र भरतू, पत्नी राजेश हाल पता बाल्मिकी गली गांव घिलौड़ तहसील व जिला रोहतक 5-अंजू देवी पुत्री करतार सिंह पुत्र भरतू पत्नी श्री आनन्द हाल पता वाल्मिकी गली गांव घिलौड़ तहसील व जिला रोहतक 6-संदीप कुमार पुत्र करतार सिंह पुत्र भरतु 7-मंजीत कुमार पुत्र रणबीर सिंह पुत्र भरत सिंह 8-मनीष कुमार पुत्र रणबीर सिंह पुत्र भरत सिंह निवासी गांव पिपली तहसील खरखौदा जिला सोनीपत । फरीक दोयम

**दरखास्त बराये तकसीम खेवट नं0 249//218 व खाता नं. 281 कुल तादादी रकबा 50 कनाल 19 मरले स्थित मौजा पिपली**

**प्रकाशन**

उपरोक्त मुकदमा अनुवान बाला मेरे न्यायालय में जेर तजवीज है जिसका अनुवान विनोद छिक्कारा बनाम सावित्री आदि मौजा गोपालपुर जिसमें आगामी तारीख पेशी 04-08-2025 निश्चित है। अतः आप फरीक दोयम को प्रकाशन के माध्यम से इतला करे कि वे मेरे न्यायालय में तिथि पेशी 07-08-2025 को प्रातः 10:00 बजे असालतन या वकालतन हाजिर होकर मुकदमा की पैरवी करे। हाजिर न आने की सूरत में कार्यवाही एक तरफा अमल में लाई जायेगी।

मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत में जारी हुआ ।

हस्ता/- सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी, खरखौदा।

**न्यायालय श्री अशोक कुमार, नायब तहसीलदार एवं सहायक कलैक्टर, प्रथम/द्वितिय श्रेणी खरखौदा ।**

**केस नं. : /NTK , किस्म मु. : तकसीम**
**मौजा : पिपली**

**अनुमान**

1-श्रीमति शकुन्तला विधवा स्व. श्री हवासिंह 2-कृष्ण कुमार 3 प्रवेश कुमार पुत्रान स्व. श्री हवासिंह निवासी गांव पिपली तहसील खरखौदा जिला सोनीपत 4-वन्दना पुत्री स्व. श्री हवासिंह पत्नी श्री जोगिन्द्र हाल पता मकान नं. 547 पटी पछिया नजदीक एस वी एम हाई स्कूल झाड़सा सैक्टर-45 गुड़गांव-122003 फरीक अव्वल

बनाम

1-श्रीमति किताबो पुत्री रतिराम पुत्र रामकिशन हाल पता गांव मदीना तहसील महम जिला रोहतक 2-इन्द्र सिंह पुत्र भरतू पुत्र रामकिशन 3-अजय कुमार पुत्र रामकुमार पुत्र रतिराम 4-शीला देवी पुत्री करतार सिंह पुत्र भरतू, पत्नी राजेश हाल पता वाल्मिकी गली गांव घिलौड़ तहसील व जिला रोहतक 5-अंजू देवी पुत्री करतार सिंह पुत्र भरतू पत्नी श्री आनन्द हाल पता वाल्मिकी गली गांव घिलौड़ तहसील व जिला रोहतक 6-संदीप कुमार पुत्र करतार सिंह पुत्र भरतु 7-मंजीत कुमार पुत्र रणबीर सिंह पुत्र भरत सिंह 8-मनीष कुमार पुत्र रणबीर सिंह पुत्र भरत सिंह 9-राजपाल पुत्र नेकीराम पुत्र जगराम सीं०एन०-113 गली नं. 10 संजय कॉलोनी नरेला उत्तरी पश्चिमी दिल्ली-110040 फरीक दोयम

**दरखास्त बराये तकसीम खेवट नं. 250//219 व खाता नं. 282, 283 कुल तादादी रकबा 45 कनाल 13 मरले स्थित मौजा पिपली**

**प्रकाशन**

उपरोक्त मुकदमा अनुवान बाला मेरे न्यायालय में जेर तजवीज है जिसका अनुवान शकुन्तला बनाम किताबो आदि मौजा पिपली जिसमें आगामी तारीख पेशी 04-08-2025 निश्चित है। अतः आप फरीक दोयम को प्रकाशन के माध्यम से इतला करे कि वे मेरे न्यायालय में तिथि पेशी 04-08-2025 को प्रातः 10:00 बजे असालतन वा वकालतन हाजिर होकर मुकदमा की पैरवी करे। हाजिर न आने की सूरत में कार्यवाही एक तरफा अमल में लाई जायेगी।

मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत में जारी हुआ।

हस्ता/- सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी, खरखौदा।

**न्यायालय श्री अशोक कुमार, नायब तहसीलदार एवं सहायक कलैक्टर, प्रथम/द्वितिय श्रेणी खरखौदा।**

**केस नं. : /NTK , किस्म मु. : तकसीम**
**मौजा : पिपली**

**अनुमान**

1- श्रीमति शकुन्तला विधवा स्व. श्री हवासिंह 2-कृष्ण कुमार 3 प्रवेश कुमार पुत्रान स्व. श्री हवासिंह निवासी गांव पिपली तहसील खरखौदा जिला सोनीपत 4-वन्दना पुत्री स्व. श्री हवासिंह पत्नी श्री जोगिन्द्र हाल पता मकान नं. 547 पटी पछिया नजदीक एस वी एम हाई स्कूल झाड़सा सैक्टर-45 गुड़गांव-122003 फरीक अव्वल

बनाम

1-श्रीमति किताबो पुत्री रतिराम पुत्र रामकिशन हाल पता गांव मदीना तहसील महम जिला रोहतक 2-इन्द्र सिंह पुत्र भरतू पुत्र रामकिशन 3-अजय कुमार पुत्र रामकुमार पुत्र रतिराम 4-शीला देवी पुत्री करतार सिंह पुत्र भरतू, पत्नी राजेश हाल पता वाल्मिकी गली गांव घिलौड़ तहसील व जिला रोहतक 5-अंजू देवी पुत्री करतार सिंह पुत्र भरतू पत्नी श्री आनन्द हाल पता वाल्मिकी गली गांव घिलौड़ तहसील व जिला रोहतक 6-संदीप कुमार पुत्र करतार सिंह पुत्र भरतु 7-मंजीत कुमार पुत्र रणबीर सिंह पुत्र भरत सिंह 8-मनीष कुमार पुत्र रणबीर सिंह पुत्र भरत सिंह निवासी गांव पिपली तहसील खरखौदा जिला सोनीपत। फरीक दोयम

**दरखास्त बराये तकसीम खेवट नं. 251//220 व खाता नं. 284 कुल तादादी रकबा 42 कनाल 05 मरले स्थित मौजा पिपली**

**प्रकाशन**

उपरोक्त मुकदमा अनुवान बाला मेरे न्यायालय में जेर तजवीज है जिसका अनुवान विनोद छिक्कारा बनाम सावित्री आदि मौजा गोपालपुर जिसमें आगामी तारीख पेशी 04-08-2025 निश्चित है। अतः आप फरीक दोयम को प्रकाशन के माध्यम से इतला करे कि वे मेरे न्यायालय में तिथि पेशी 04-08-2025 को प्रातः 10:00 बजे असालतन या वकालतन हाजिर होकर मुकदमा की पैरवी करें। हाजिर न आने की सूरत में कार्यवाही एक तरफा अमल में लाई जायेगी ।

मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत में जारी हुआ।

हस्ता/- सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी, खरखौदा।

## खबर संक्षेप




### आईटीआई में रोजगार मेला 41 युवाओं का चयन हुआ

**सोनीपत।** रोजगार विभाग, हरियाणा द्वारा शुक्रवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), सोनीपत के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में कुल 5 नामी कंपनियों को नौकरी देने के लिए आमंत्रित किया गया था। रोजगार कार्यालय में पंजीकृत लगभग 150 युवाओं ने इस मेले में भाग लिया, जिनमें से 41 युवाओं का मौके पर ही चयन कर लिया गया। विशेष रूप से दिव्यांग (हैंडिकैप्ड) युवाओं को प्राथमिकता दी गई। 20 से 35 वर्ष आयु वर्ग के 9 युवाओं को मौके पर ही जॉब ऑफर लेटर प्रदान किए गए। जिला रोजगार अधिकारी सविता लाम्बा ने भविष्य में और अधिक रोजगार मेलों के आयोजन की घोषणा की ताकि अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके।

### विकास बराला की नियुक्ति रद की जाए : सृजावती

**सोनीपत।** जनवादी महिला समिति द्वारा यौन उत्पीड़न के मामले में आरोपित विकास बराला को असिस्टेंट एडवोकेट जनरल नियुक्त किए जाने के प्रदेश सरकार के फैसले की घोर निंदा की है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में जिलाध्यक्ष सृजावती ने बताया कि भाजपा सरकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा दे रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर बेटियों के यौन उत्पीड़न के आरोपित को महत्वपूर्ण पद देकर पुरस्कृत कर रही है। भाजपा का ये ही असली चेहरा है। उन्होंने विकास बराला की नियुक्ति तुरंत रद्द करने की मांग उठाते हुए चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो पूरे प्रदेश में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### फोन चोरी का आरोपी सामान सहित गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने घर से मोबाइल फोन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रवि निवासी बुलंदशहर यूपी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। प्याऊ मनियारी कुंडली निवासी युवक ने गत 10 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि आठ व नौ मई की रात को उसके पिता व मां कमरे में सो गए। रात को किसी अज्ञात चोर ने घर के अंदर घुसकर मोबाइल फोन व तीस हजार रुपये की राशि को चोरी कर लिया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक नवीन की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपित से फोन बरामद कर लिया है।

विधायक ने कालूपुर वाटर बूस्टर और चावला कॉलोनी में पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण किया, दिए निर्देश

# पेयजल संकट से राहत, लाइन पार की छह कॉलोनियों को मिलेगा पर्याप्त और शुद्ध पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विधायक निखिल मदान ने शुक्रवार को निगम अधिकारियों के साथ कालूपुर चौक पर बने नए वाटर बूस्टर का औचक निरीक्षण किया और लाइन पार क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए निगम अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधायक निखिल मदान ने बताया कि उनके कार्यकाल में शुरू हुए इस प्रोजेक्ट में अब ककरोई रोड पर बने डब्ल्यूटीपी (वाटर ट्रीटमेंट प्लांट) से कालूपुर वाटर बूस्टर को जोड़ा जा चुका है। 1.7 एमएलडी वाटर स्टोरेज क्षमता के टैंक वाले इस बूस्टर से लहराड़ा और इंडस्ट्रियल एरिया में जल आपूर्ति शुरू की जा चुकी है। मौके पर दोनों मोटर चालू हालत में मिली है। इस वाटर बूस्टर से बाबा कॉलोनी, मोहन नगर और आर्य नगर, विशाल नगर, ब्रह्म नगर, मिर्च मंडी की जल आपूर्ति किया जाना प्रस्तावित है। अगले सप्ताह में इस सप्लाई को शुरू किया जाएगा, जिसके बाद पुरानी तहसील पर बने वाटर बूस्टर पर पेयजल आपूर्ति का दवाब कम होगा। साथ ही जलापूर्ति की समय सारिणी भी सुधरेगी।

विधायक निखिल मदान ने बताया कि उन्होंने अपने मेयर कार्यकाल में बस स्टैंड रोड पर मुखी अस्पताल के पास वाटर बूस्टर, कबीरपुर में वाटर बूस्टर, सेक्टर 23 में वाटर बूस्टर का निर्माण करवाकर पेयजल आपूर्ति शुरू करवाई थी, जिसके चलते आज पूर्वी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के हालात बेहतर है। आज कालूपुर चौक पर बने 1.7 एमएलडी के वाटर बूस्टर को भी शुरू कर दिया गया है आने वाले समय में लाइन पार पश्चिमी क्षेत्र के सभी लोगों को समुचित मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा।


**सोनीपत।** वाटर बूस्टर का निरीक्षण करते हुए विधायक निखिल मदान साथ में अन्य।

### बरसाती पानी ड्रेन में डाला जा रहा

इसके उपरांत विधायक निखिल मदान वार्ड नं 5 में चावला कॉलोनी ड्रेन नंबर 6 के पास बने आईपीएस (इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन) का भी दौरा किया और वहां के हालातो का जायजा लिया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि इस आईपीएस में तीन मोटरों की मदद से शनि मंदिर के साथ लगते लो लाइन वाले एरिया जटवाड़ा और सब्जी मंडी के आसपास के सभी नालों से बरसाती पानी को खींचकर ड्रेन नंबर 6 में डाला जा रहा है। विधायक ने सफाई निरीक्षक को जालियों में फंसे कूड़े को साफ करने के निर्देश दिए। इस मौके पर कार्यकारी अभियंता पदम भूषण, सहायक अभियंता देवेंद्र खासा, कनिष्ठ अभियंता सचिन कुमार, अमित कुमार, परविंदर कुमार, राहुल दहिया, नरेंद्र, अनिल, कुलदीप वत्स, अजय खत्री आदि मौजूद रहे।

# बढ़खालसा पहुंचे सीएम ओएसडी के भतीजे के निधन पर जताया शोक


**सोनीपत।** बढ़खालसा पहुंचें मुख्यमंत्री साथ में प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायकगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज सोनीपत पहुंच कर अपने ओएसडी वीरेंद्र बढखालसा के भतीजे एवं जयदेव दहिया के पुत्र प्रीत दहिया के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। प्रीत दहिया का निधन एक दुःखद सड़क दुर्घटना में हुआ।

नायब सिंह सैनी ने शोक-संतप्त परिवार से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रीत एक होनहार, विनम्र और अनुशासित युवा थे, जिनकी असमय विदाई समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली, राई से विधायक कृष्णा गहलावत, सोनीपत से विधायक निखिल मदान, खरखौदा से विधायक पवन खरखोदा, गन्नौर से विधायक देवेंद्र कादियान, सोनीपत नगर निगम के महापौर राजीव जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, गोहाना जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक, पुलिस आयुक्त ममता सिंह, उपायुक्त सुशील सारवान मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधन परिषद के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए देवेंद्र शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भारतीय कुश्ती संघ की प्रोटोकॉल कमेटी के चेयरमैन व समाजसेवी देवेंद्र शर्मा को अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधन परिषद ही हरियाया प्रदेश इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्त संत सुधांशु जी महाराज के आशीर्वाद से की गई है। प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर देवेंद्र शर्मा ने परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल ढांडा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. नवीन नैन कालसी, राष्ट्रीय महामंत्री दीप सिहाग सिसाय व प्रदेश संयोजक अनिल यादव का आभार व्यक्त किया। देवेंद्र शर्मा गांव मदीना के निवासी हैं। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने कहा कि वह इस पद की गरिमा को हमेशा बनाए रखेंगे और अपनी इस जिम्मेवारी का ईमानदारी, निष्ठा एवं समर्पण भाव से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधन परिषद का मुख्य उद्देश्य सनातन संस्कृति के सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखना व मंदिरों का पुनः उद्वार करना है। इसी क्रम में परिषद द्वारा प्रदेश के प्रत्येक जिले में मंदिरों में जाकर उनकी समस्याओं व सुधार करने के लिए एक सशक्त संगठन तैयार करना है।


**गोहाना।** देवेंद्र शर्मा को नियुक्ति पत्र देते हुए परिषद के राष्ट्रीय पदाधिकारी।

# शिव मंदिर के लोकार्पण पर बोले विधायक कादियान भगवान शिव त्याग, संयम और करुणा के प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

हाईवे किनारे स्थित डिवाइन सिटी में शिव मंदिर का विधिवत लोकार्पण किया गया। मंदिर निर्माण में शिव मंदिर ट्रस्ट, ऑनलाइन मैनेजमेंट, कर्म सिंह, डिवाइन आरडब्ल्यूए और रेजिडेंट्स का सहयोग रहा। मंदिर में भगवान शिव परिवार, हनुमान जी, राधा-कृष्ण और शेरावाली माता की मूर्तियां स्थापित की गई हैं। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक देवेंद्र कादियान अपनी माता संतोष देवी और परिवार सहित पहुंचे। उन्होंने मां के साथ रिबन काटकर मंदिर का उद्घाटन किया। भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। विधायक कादियान ने कहा कि उन्होंने कहा, भगवान शिव त्याग, संयम और करुणा के प्रतीक हैं। उद्घाटन से पहले कलश यात्रा निकाली गई। महिलाएं सिर पर कलश रखकर भजन-कीर्तन करती रहीं। ढोल-नगाड़ों और धार्मिक झांकियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। समाजसेवी संतोष देवी ने कहा, यह मंदिर डिवाइन सिटी के लिए आस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनेगा। मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अनिता कादियान, रीटा, बबीता, कविता पंद्याल, सुमित्रा राठी, सुमन जागलान, मोनिका फोगाट, रीतू सहरावत, सतीश लूथरा सहित कई लोग मौजूद रहे।


**गन्नौर।** विधायक देवेन्द्र कादियान व डिवाइन आरडब्ल्यूए और रेजिडेंट्स रिबन काटते हुए।

# क्षतिग्रस्त मैनहोल दे रहे हादसों को न्योता लोगों ने उठाई व्यवस्था सुधारने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शहर में जगह-जगह क्षतिग्रस्त मैनहोल हादसों को न्योता दे रहे हैं। मुख्य सड़कों पर खुले और ऊंचे मैनहोल आसानी से देखे जा सकते हैं। कई स्थानों पर सीवर के ढक्कन या तो गायब हैं या बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। सबसे गंभीर स्थिति गढ़ी केसरी रोड पर पशु अस्पताल के पास देखी गई, जहां बीच सड़क पर सीवर का ढक्कन पिछले कई दिनों से टूटे हुए हाल में पड़ा है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जनस्वास्थ्य विभाग इस समस्या का समाधान करने की बजाय मूकदर्शक बना हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभागीय अधिकारी खुले मैनहोल पर ढक्कन नहीं लगवाकर मानो किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं। बरसात के मौसम में यह समस्या और भी गंभीर हो सकती है, क्योंकि पानी भरने की स्थिति में खुले मैनहोल दिखाई नहीं देंगे और दुर्घटना की संभावना बढ़ जाएगी। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षतिग्रस्त मैनहोलों की मरम्मत कर जल्द से जल्द स्थिति को सुधारा जाए। इस विषय में एसडीएम प्रवेश कादियान ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ही संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए थे कि सभी टूटे हुए ढक्कनों को तुरंत ठीक किया जाए। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।


गढ़ी केसरी रोड पर क्षतिग्रस्त मैनहोल।

### हथियार रखने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट सेक्टर-27 सोनीपत पुलिस टीम ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को प्रोडक्शन वांरट पर लिया है। गिरफ्तार आरोपित सूरज निवासी बागपत यूपी हाल में मुखर्जी नगर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने वारदात में शामिल एक आरोपित को पहले गिरफ्तार कर लिया था। मुख्य सिपाही बिंटू ने गत 21 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उनकी टीम जगदीशपुर मोड पर मौजूद थी। उसी दौरान छापेमारी करते हुए सचिन को काबू कर लिया। उसके पास से देशी पिस्तौल व राउंड बरामद किए।

# अलंकरण समारोह में अपोलो इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों को दी उपाधियां


**गन्नौर।** अलंकरण समारोह के दौरान स्कूल प्राचार्य के साथ छात्र व स्टाफ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

अपोलो इंटरनेशनल स्कूल बड़ी में भी विद्यार्थी अलंकरण समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। सातवीं व आठवीं कक्षा के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक और प्रेरणादायक प्रस्तुतियों के माध्यम से शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा, मनोज पांडे और अनुज नायर को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का शुभारंभ बैंड ग्रुप के साथ हुआ। हेड ब्वाय स्पर्श, हेड गर्ल लक्षिता सहित सभी सदनों के हाउस, सांस्कृतिक, स्पोर्ट्स और अनुशासन कैप्टन को प्रधानाचार्या अनीता यादव ने उपाधियां प्रदान की। इस अवसर पर देशभक्ति गीत, नृत्य, कविता, भाषण की प्रस्तुतियां भी दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

जियो फेंसिंग के विरोध में स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी करेंगे आंदोलन

# 28 जुलाई को काले बिल्ले लगा जताएंगे रोष चार अगस्त को एक घंटे कार्य का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग अधिकारी एवं कर्मचारी तालमेल कमेटी की जिला इकाई ने जियो फेसिंग हाजिरी प्रणाली के विरोध में आंदोलन की घोषणा की है। सिविल अस्पताल में आयोजित बैठक में आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। बैठक की अध्यक्षता राज्य तालमेल कमेटी सदस्य व बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन हरियाणा के महासचिव सहदेव आर्य सांगवान ने की। बैठक के बाद कर्मचारियों ने अपनी मांगों को ज्ञापन जिला स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से सरकार के पास भेजा है।

बैठक में डा. नितिन फलस्वाल को सर्वसम्मति से जिला संयोजक और टेक राम दहिया को सह संयोजक नियुक्त किया गया। तालमेल कमेटी ने फैसला लिया कि 28 जुलाई को स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारी काले बल्ले लगाकर ड्यूटी पर मौजूद रहेंगे, जबकि 4 अगस्त को सुबह 10 से 11 बजे तक एक घंटे का कार्य बहिष्कार किया जाएगा।

डॉ. नितिन फलस्वाल और टेकराम दहिया ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की सहमति और पर्याप्त संसाधनों के बिना जबरन जियो फेसिंग जैसी निजता भंग करने वाली प्रणाली थोप रही है, जो न केवल कर्मचारियों के अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि सुप्रीम कोर्ट के निजता संबंधी दिशा-निर्देशों की भी अवहेलना है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने अपनी नीतियों में बदलाव नहीं किया तो स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी बड़ा और निर्णायक आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। बैठक के पश्चात तालमेल कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. ज्योत्सना को आंदोलन से संबंधित ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर विभिन्न एसोसिएशनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिनमें लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन से प्रताप व राकेश कुमार, डेंटल एसोसिएशन से डा. निकिता गर्ग व डा. देविका जैन, एनएचएम कर्मचारी संघ से जिला प्रधान कप्तान राणा, मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन से जसबीर सिंह, तथा बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन से अभिमन्यु व बीरेंद्र प्रमुख रूप से शामिल रहे।


**सोनीपत।** अपनी मांगों का ज्ञापन जिला स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपते हुए।

# रौनक स्कूल में कारगिल विजय दिवस मनाया, छात्रों ने शहीदों को याद किया



**सोनीपत।** सदस्यों के साथ मुख्यातिथि भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर सानिन बसीर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

रौनक पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई और छात्रों में देशभक्ति, नेतृत्व और अनुशासन की भावना को भी प्रोत्साहित किया गया।

स्कूल में युद्ध में वीरगति को प्राप्त शहीदों की पत्नियों को विशिष्टातिथि के रूप में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर सानिन बसीर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और छात्रों को देशभक्ति व नेतृत्व का पाठ पढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान इन्वेस्टीचर सेरेमनी का आयोजन भी हुआ, जिसमें नव-निर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को बैज पहनाकर जिम्मेदारियों की शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने कहा कि कारगिल विजय दिवस वीरता और त्याग का प्रतीक है। कार्यक्रम की व्यवस्था स्कूल के शिक्षकों ने संभाली।